पद का नाम : वाहन चालक (Driver)

परीक्षा योजनाः

इस पद की भर्ती हेतु एक लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। लिखित परीक्षा में 100 वस्तुनिष्ठ (बहु विकल्पी) प्रश्न पूछे जायेगे। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर के लिये 3 अंक प्रदान किये जायेगें व प्रत्येक प्रश्न के गलत उत्तर पर 1 अंक काटा जायेगा। परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्णाकं 40 प्रतिशत निर्धारित है। इसमें कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगें । प्रत्येक वर्ग की विज्ञापित रिक्तियों की संख्या 5 गुणा के अध्याधीन फेज–1 (संवीक्षा परीक्षा) के प्रश्नपत्र में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यार्थियों को ही फेज–2 (जोब टेस्ट) के लिए बुलाया जावेगा। लिखित परीक्षा के अंको का 60 प्रतिशत एवं जोब टेस्ट के अंको का 40 प्रतिशत वेटेज होगा। इनमें प्राप्त कुल अंकों के आधार पर मेरिट (वरीयता) सूची बनाई जायेगी।

इन पदों की भर्ती हेतु एक लिखित परीक्षा की योजना निम्नप्रकार है

प्रश्न–पत्र	प्रश्नों की संख्या	कुल अंक	समय
वस्तुनिष्ट प्रश्न पत्र	100	300	2 घन्टे

भारांक गणना

श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर द्वारा अशैक्षणिक पदो हेतु भर्ती के 100 अंको का विभाजन निम्नानुसार रहेगाः–

संवीक्षा परीक्षा में भारांक [संवीक्षा परीक्षा में प्राप्तांक / 5 (Total Marks Secured in Screening Test /5)]	जोब टेस्ट भारांक	कुल अंक
60 अंक	40 अंक	100 अंक

पाठ्यक्रम

सामान्य जागरूकता, सामान्य बुद्धि एवं तर्क, प्रारंभिक गणित, सामान्य अग्रेजी एवं हिंदी, ड्राइविंग तकनीक तथा मोटर कार तंत्र, मोटर वाहन के अधिनियम तथा उसके समय–समय पर संशोधित विभिन्न खंड, चालकों के कर्तव्य, ईधन दक्षता तथा ईधंन अर्थव्यवस्था, वाहन के विभिन्न भागों का ज्ञान, वाहन की सुरक्षा एवं रखरखाव, वाहन की मरम्मत, आपाताकालीन हैंडलिंग तकनीक, वाहन के साथ आवश्यक उपकरण एवं दस्तावेज, वाहनों का पंजीकरण और बीमा, दुर्धटना संबंधी दावे, जीपीएस से संबंधित ज्ञान, वाहनों के प्रकार, यांत्रिक बनाम विद्युत वाहन, यातायात नियम और विनियम, यातायात संकेतों को पहचानने की क्षमता, यातायात संकेत, हाथ संकेत और सड़क चिह्न, वाहन प्रणलियों की असेंबली, सुरक्षा आदि।